प्रवेश परीक्षा निर्देशिका

2013

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद 'नैक' द्वारा 'बी श्रेणी' में मूल्यांकित

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान

सुलतानपुर (उ.प्र.) - 228 118 दूरभाष : 05362 - 240854, 9415359127, 8765632100
Visit us : www.knmt.org.in • E-mail : knipss_sln@rediffmail.com

संस्थापक केदार नाथ सिंह जी - एक परिचय

केदार नाथ सिंह
1928-1999

उपनिवेशवादी शोषण से पूर्वी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक प्रभावित जनपद सुलतानपुर की अशिक्षा एवं निर्धनता के तिमिर को दूर करने हेतु दैदीप्तमान आभा मण्डल के रूप में श्री केदार नाथ सिंह का आविर्भाव (जन्म) सन् 1928 में बलुआ के कृषक परिवार में बाबू रामपाल सिंह के ज्येष्ठ पुत्र के रूप में हुआ। माता श्रीमती जगवन्ती देवी की प्रेरणा से श्री केदार नाथ सिंह बाल्यकाल से ही निर्धनता एवं अभावों के बीच संघर्ष का मार्ग अख्तियार कर समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव जूझने एवं प्रयासरत रहने की शिक्षा पारिवारिक पृष्ठभूमि से ही हासिल की। बाल्यकाल में ही शासक ध्वज यूनियन जैक के स्थान पर तिरंगा लहराने का अदम्य साहस दिखाते हुए अन्याय के प्रखर विरोधी श्री सिंह के संघर्ष की गाथा वाराणसी स्थित यू.पी. कालेज में जाति विशेष के प्रवेश के लिए स्थापित परम्परा के विरोध से प्रारम्भ हुई, जहाँ वे छात्रसंघ के अध्यक्ष के रूप में स्वतः चुन लिए गये। वाराणसी में ही काकोरी षड़यन्त्र काण्ड के नायक योगेश चन्द्र चटर्जी से उनका सम्पर्क स्थापित हुआ जो उनके राजनीतिक गुरू बने। कॉमरेड सरयू पाण्डेय, झारखण्डे राय प्रभृति नेताओं के सम्पर्क में आकर उन्होंने आर.एस.पी. की सदस्यता ग्रहण की। अन्याय एवं शोषण के विरूद्ध संघर्षरत छात्र नेता के रूप में प्रतिष्ठित केदार नाथ सिंह उच्च शिक्षा हेतु प्रयाग विश्वविद्यालय, इलाहाबाद पहुँचे, जो उन दिनों राजनीतिक चेतना का केन्द्र बिन्दु था। प्रयाग विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के लोकप्रिय अध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय की स्वायत्तता समाप्त किये जाने के विरोध में उन्होंने 21 दिन आमरण अनशन करते हुए राज्यपाल को ऐसा न करने पर मजबूर कर दिया। छात्र जीवन में ही 'स्पार्क' एवं 'जनमत' नामक समाचार पत्रों की स्थापना कर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय छात्रसंघ की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए के.एन.सिंह कम्युनिस्ट पार्टी में चले गये। और सुलतानपुर जनपद के निर्बल एवं असहाय वर्ग के कानूनी रक्षक बनकर सुलतानपुर न्यायालय में वकालत प्रारम्भ की। उनके जुझारू व्यक्तित्व एवं संघर्षों की यात्रा से प्रभावित श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने 1970 में सुलतानपुर लोकसभा के उपचुनाव में उन्हें काँग्रेस का उम्मीदवार बनाया और बाबू के.एन. सिंह लोकसभा सदस्य बनें। सन् 1971 में प्रबल बहुमत प्राप्त करके श्रीमती इन्दिरा गाँधी के मन्त्रिमण्डल के सदस्य बनाये गये। बाबू जगजीवन राम के साथ देश की कृषि एवं सिंचाई व्यवस्था को सुधारने में 'केन्द्रीय कृषि उपमन्त्री' के रूप में उनका कार्य स्मरणीय रहेगा। लोकसभा में पूर्वी उत्तर प्रदेश की गरीबी के विषय में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण इतना प्रभावशाली रहा कि श्रीमती इन्दिरा गाँधी की आँखे भर आयी और उन्होंने 'गरीबी हटाओं' का नारा दिया जिसने देश की राजनीति को एक नया मोड़ दिया।

'अशिक्षात सुलतानपुर के विकास में मुख्य बाधा है- ऐसा विचार बार-बार आने पर 2 अक्टूबर, 1972 को उच्च शिक्षा हेतु उन्होंने कमला नेहरू इन्स्टीट्यूट ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर की स्थापना ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाले गोमती तट पर किया। सन् 1977 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री फखरूद्दीन अली अहमद, जो परिसर में प्रौद्योगिक संस्थान का उद्घाटन करने पधारे थे, का स्वागत करते हुए बाबू केदर नाथ सिंह का दार्शनिक उद्गार विकास का ऐतिहासिक एजेण्डा बन गया।

...कमला नेहरू इन्स्टीट्यूट की स्थापना का मकसद महज एक तालीमी इदारा कायम करना नहीं है, बल्कि इस पूरे इलाके की गुरबत की लड़ाई इसी इदारे से उसी दोहरे निश्चय के साथ लड़ना है, जिस अज्म् के साथ इस इलाके के बाशिन्दों ने सन् 1857 की जंगे-आज़ादी लड़ी थी।

...आर्थिक आज़ादी के लिए जंग का मरकज़ कमला नेहरू इन्स्टीट्यूट है।

बाबू केदार नाथ सिंह ने अपने सतत् प्रयासों से सुलतानपुर में चीनी मिल, 400 केवी विद्युत सम्प्रेषण व्यवस्था, 330 करोड़ की डबल कैनाल (नहर) शासन स्तर से उपलब्ध कराया। सन् 1982 में माडर्न फूड इन्डस्ट्रीज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सन् 1984 में गाजियाबाद संसदीय सीट से काँग्रेस के लोकसभा सदस्य एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के महासचिव बनाये गये और सन् 1990 में राज्यसभा के सदस्य चुने गये।

शैक्षिक विकास के क्षेत्र में 'इंजीनियरिंग कालेज', नई कृषि विज्ञान तकनीक हेतु 'कृषि विज्ञान केन्द्र' बाल शिक्षा हेतु 'कमला नेहरू बाल शिक्षण 'संस्थान' के संस्थापक बाबू केदार नाथ सिंह संघर्षरत जीवन में अपने स्वास्थ्य की चिन्ता न करने के कारण उत्तरोत्तर शारीरिक रूप से कमजोर हो गये किन्तु संघर्ष एवं विकास की मशाल को निरन्तर जलाये रखा। जनपद सुलतानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु निरन्तर प्रयत्नशील अपने इस विकास पुरूष को अचानक 1 जुलाई 1999 को अपने बीच न पाकर पूर्वांचल स्तब्ध रह गया।

संस्थान गीत

अति पुनीत गोमती के तट पर, है सुरम्य संस्थान हमारा।
वीणावादिनी का यह मन्दिर, विविध विधाओं का गुरूद्वार।।
युग-युग के आलोक रत्न को, कंजूषा में संचित कर के।
मानवता के सिद्ध सदन में, जनमानस का पूरनहारा।।
अवध क्षेत्र का यह जन गौरव, श्री केदार का अमित साधना।
जनगण का मंगल मन्दिर यह, उनके श्रम रवि का उजियारा।।
नवयुग की नव ज्ञान-ज्योति से करत, कण-कण को आलोकित।
देता नवल विहान देश की, संस्कृतियों का पालनहारा।।
सत्य-समन्वय-देशभक्ति हित, हमने यह संकल्प लिया है।
रचे विश्वमंगल विधान इस, संस्थान की पावन धारा।।
रघुकुल की पावन धरती की, ज्ञान-रश्मि आलेकित होकर।
बने ज्योति-पथ मानवता का, मिटे जगतभर का अँधियारा।।

प्रबन्धक की कलम से...

विनोद सिंह
प्रबन्धक
केएनआईपीएसएस, सुलतानपुर
पूर्व राज्य मंत्री
पर्यटन, उत्तर प्रदेश शासन

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर प्रदेश के पूर्वांचल के उन उच्च शिक्षण संस्थाओं में से एक है जिसने तमाम भौतिक दबावों की परवाह न करते हुए अपनी गुणवत्ता और मूल्यपरकता से कभी भी समझौता नहीं किया। संस्थान ने यह सम्बल, अपने दूरदर्शी संस्थापक बाबू केदारनाथ सिंह जी के संकल्पों से ग्रहण किया। कमला नेहरू संस्थान की स्थापना का उद्देश्य अनुशासन की परिधि में रहते हुए पूर्वांचल की धरती की युवा पीढ़ी को नई दिशा देना है। उन्हें स्वावलम्बी बनाकर राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है।

बदलते हुए समय के साथ ही साथ युग की माँग में भी परिवर्तन आया है। पारम्परिक शिक्षा व्यवस्था अपना मूल्य खोती जा रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों से यह माँग की जा रही है कि वे ऐसे वैश्विक मानव उत्पाद तैयार करें जो समकालीन चुनौतियों से सक्षमतापूर्वक निपटने में माहिर हो। उनकी दृष्टि वैश्विक हो और वे अपने सय और समाज को प्रतिनिधित्व दे। कमला नेहरू भौतिक एवम् सामाजिक विज्ञान संस्थान ने समय की माँग को दृष्टिगत करते हुए अपनी आधारभूत संरचना, कौशल और दृष्टि में व्यापक बदलाव किया है। इस बदलाव में अभिभावकों, छात्रों और छात्राओं को अपनी मानसिक संरचना भी बदलनी होगी तभी अपेक्षित उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती है।

विश्वविद्यालयीय और महाविद्यालयीय शोधों की गिरती हुई साख राष्ट्रीय स्तर पर चिन्ता का विषय है। उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा किए गये शोध समाज और राष्ट्र के उन्न्यन में अपनी भूमिका का निर्वाह नहीं कर पा रहा हैं। संस्थान अपनी सीमित क्षमताओं का अधिकांश शोध गुणवत्ता हेतु आधारभूत संरचना तैयार करने में लगा हुआ है। हमारी आशा है कि विद्वान निर्देशक गुणवत्तापरक शोध करने करवाने में अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग करेगें और संस्थान को गरिमामण्डित करेगें।

संस्थान प्रबन्ध युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा मुहैय्या कराने को लेकर चिन्तत रहा है। इस चिन्ताधारा से ही, आज जितने भी प्रासंगिक पाठ्यक्रम हो सकते हैं, संचालित किए जा रहे हैं। विश्वद्यिालय अनुदान आयोग के सहयोग से कई तरह के डिप्लोमा पाठ्यक्रम, जो प्रबन्धन, विधि, बी. एड., बी.पी.एड. इंजीनियरिंग के अतिरिक्त हैं, संचालित किये जा रहे हैं। खेद का विषय है कि स्नातक स्तर के छात्रों और उनके अभिभावकों का ध्यान इधर कम आकृष्ट हो रहा है, जबकि ये सर्वाधिक रोजगारपरक पाठ्यक्रम हैं। संस्थान प्रबन्धन ने अपने प्रभाव और क्षमता से कैम्पस सेलेक्शन भी कराए हैं जिससे छात्र/छात्राओं को रोजगार मिला है, पर अभी इस ओर काफी कुछ किया जाना शेष है।

सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना के अधिकार वाले युग में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सूचनाओं का संप्रेषण जरूरी उपादान है। प्रवेश विवरणिका, प्राथमिक सूचना संप्रेषण का जरिया है।

संस्थान के नवीन शैक्षिक कालखण्ड में हम अपने प्राचार्य, शिक्षक समुदाय और गैर शिक्षण कर्मियों का अभिनन्दन करते हुए आशा करते हैं कि नवीन सत्र, नवीन उद्देश्यों, नवीन उपलब्धियों का सत्र होगा। हमें, अपने उद्देश्य स्वयं तय करने होगें और उन्हें पाने में अपनी सर्वोच्च ऊर्जा भी लगानी होगी।

Vinod Singh

(विनोद सिंह)

प्राचार्य डेस्क से

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद से सम्बद्ध से सम्बद्ध, पूर्वांचल के उन अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक है, जिसने पिछले चालीस वर्षो से अपनी अनवरत सेवाएँ प्रदान करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा की है।

मूल्यों से समझौता करने वाले इस कालखण्ड में संस्थान ने अपनी मूल्यवक्ता और गुणतत्ता से कभी भी समझौता नहीं किया। संस्थान ने गतिशील राष्ट्र-राज्य की अपेक्षाओं के अनुरूप नए मूल्यों के सृजन में अपनी साहसपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। हमारा स्पष्ट मंतव्य है कि शिक्षा की चरम उपलब्धियों को, अनुशासन के अभाव में, हासिल नहीं किया जा सकता। अनुशासन को स्थिरता प्रदान करते हुए हमने अपने पूज्य संस्थापक बाबू केदारनाथ सिंह जी के सपनों को याथार्थ रूप देने मे अपनी ऊर्जा व्यय की है।

उच्च शिक्षा का क्षेत्र, आज गंभीरचुनौतियों से जूझ रहा है। सूचनाओं का संजाल तो उपलब्ध है परन्तु उसके विश्लेषण मर्म को समझने और समझाने वाले कम होते जा रहे हैं। शासन भी इस महत्वपूर्ण अंग हो निजी क्षेत्र के हाथों सौंपकर निश्चित होता जा रहा है। संस्थान ने अपने स्तर पर इस चुनौती को स्वीकार करते हुए विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों की टीम विकसित की है जिसने अपने छा-छात्राओं की जिज्ञासाओं की सफलापूर्वक शमन किया है। राष्ट्र के प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित कर हमने अपने अध्यापन शैली और वस्तु विन्यास को निरन्तर परिष्कृत किया है। सूचना की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए, संस्थान ने अत्याधुनिक उपकरणों से अपने को लैश किया है।

परम्परागत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त हर संभव रोजगारपरक पाठ्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहे हैं। संस्थान अपने शोधार्थियों को विभागीय पुस्तकालयों के अतिरिक्त समृद्ध प्रयोगशालाओं, अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित, किए हुए है।

प्रअन्धतंत्र की दूरदर्शिता और विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों के सम्मिलित प्रयासों से कमला नेहरू संस्थान आज उच्चशिक्षा क्षेत्र का विश्वस्तरीय ब्रांड है। यह विश्वस्तीरयता ही हमारी उपलब्धि और संतोष का कारण है। हम अभिभावाकों को विश्वास दिलाते है। कि उनके पाल्यों के शैक्षिक व्यक्तित्व को गढ़ने मे, समाज और राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप ढालने में, संस्थान सक्षम और सफल सिद्ध होगा।

आइए! नीवन सत्र में, नवीन शिक्षा संस्कृति को एकीकृत प्रयासों से सृजित किया जाय। संस्थान आप का स्वागत करने को तत्पर है।

- डॉ. ए.के. श्रीवास्तव

संस्थान : एक परिचय

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान का परिसर ऐतिहासिक नगर सुलतानपुर में गोमती की गोद में ऐसी जगह स्थित है जहाँ गोमती नदी अर्द्धचन्द्राकार होकर पूर्व दिशा की ओर मुड़ जाती है। संस्थान अपने संस्थापक श्री केदार नाथ सिंह (जिन्हें आमतौर पर सुलतानपुर जिले के बाशिन्दे आत्मीयता से बाबू साहब या मंत्री जी कहते हैं) के सपनों का साकार और जीवन्त सरस्वती मंदिर है। श्री केदार नाथ सिंह जी ने इसे पूर्वांचल की गरीबी, अज्ञानता और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कला एवं ज्ञान-विज्ञान के दीपक के रूप में प्रज्ज्वलित किया, जो संस्थान के रूप में जन-जन को आलोक दे रहा है।

सस्थान का नामकरण राष्ट्र को समर्पित एवं सेवानिष्ठ महिला श्रीमती कमला नेहरू, जिनका राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से आत्मयाद एवं योगदान अप्रतिम है, की स्मृति में किया गया है। थोड़े दिनों बाद संस्थान अपनी संख्यात्मक एवं गुणात्मक प्रतिभा के विकास से शिक्षा-जगत का विशाल वट वृक्ष बन गया। इस विशाल वट वृक्ष की दो शाखायें-एक "कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान" तथा दूसरी "कमला नेहरू तकनीकी संस्थान" हो गयीं। एक ज्ञान विज्ञान एवं कला की त्रिवेणी है तो दूसरा विज्ञान के व्यावहारिक रूप तकनीकी शिक्षा का केन्द्र है। ये दोनों संस्थान आज प्रदेश एवं देश भर में अपनी स्वतंत्र छवि और उपलब्धियों के लिये विख्यात है।

स्नातक स्तर पर चार संकायों-कला, विज्ञान, शिक्षा और विधि के भवनों का शिलान्यास 18 नवम्बर, 1972 को संस्थापक द्वारा किया गया एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्म तिथि 2 अक्टूबर 1973 को उपरोक्त संकायों में पठन-पाठन प्रारम्भ हुआ। इसके उपरान्त मात्र छः वर्षो की अवधि में ही यह संस्थान वाणिज्य संकाय, परास्नातक विषयों की शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रमुख केन्द्र के रूप में अग्रसर हुआ। विकास की यह गति यहां की गुणात्मक शिक्षा का उदाहरण भी कही जा सकती है। इस संस्थान में दस हजार से भी अधिक छात्र-छात्रायें अध्यनरत हैं। सम्प्रति एम.काम., एम.एड., एम.एस.-सी. (जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं माइक्रोबायलोजी, चाइल्ड डेवलपमेंट, फूड एण्ड न्यूट्रिशन) एम.ए. (अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं मध्यकालीन इतिहास), बी.एस.-सी. गृह विज्ञान, बी.एस-सी कृषि विज्ञान, बी.पी.एड, एमबीए, बीबीए एवं बी.टेक में अध्यापन वैशिष्ट्य के लिए संस्थान देश विदेश में अपनी अच्छी पहचान बना चुका है। इसके अतिरिक्त संस्थान में देश के भावी शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु बी.एड. एवं एम.एड. की कक्षायें भी संचालित हैं।

पूर्वांचल का यह विशाल संस्थान कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट के संरक्षण एवं प्रबंधचारूता से संचालित है। ट्रस्ट का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र का बहुमुखी विकास एवं उन्नयन करना है। संस्थान के संस्थापक एवं ट्रस्ट के जनक माननीय श्री केदार नाथ सिंह जी ने यह अनुभव किया कि कला-विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ यदि कृषकों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार लाया जा सके तो सच्चे अर्थों में उपलब्धि होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु ही भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित 'कमला नेहरू कृषि विज्ञान केन्द्र' खोला गया। यह केन्द्र कृषकों और कृषि विशेषज्ञों को परस्पर नजदीक लाकर कृषि की उन्नति में सहयोग दे रहा है। कृषि प्रधान देश के इस क्षेत्र के लिए इसकी सेवायें महत्वपूर्ण हैं। समाज एवं देश के भविष्य को देखते हुए बाबू साहब ने बच्चों व बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए 'कमला नेहरू बाल शिक्षा संस्थान' (के.एन.आई.सी.ई.) की स्थापना की जो आज पूर्वांचल के सर्वोत्तम संस्थाओं में एक है। 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' द्वारा दिनांक 23-25 मार्च, 2007 को संस्थान का मूल्यांकन हुआ और मूल्यांकन के पश्चात 73.84% अंक प्राप्त कर बी-ग्रेड प्राप्त किया। संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा पोषित महात्मा गाँधी एवं डा. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र की स्थापना सन् 2010 में की गई।

संस्थान, प्राचार्य कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय एवं समस्त व्याख्यान कक्षों को आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों से सुसज्जित कर उन्नयन की दिशा में अग्रसर है।

लक्ष्य अभिविन्यास

दृष्टिकोण एवं मिशन

संस्थान ने आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्ति का उद्देश्य अपनाया है। यह उद्देश्य संस्थान के आस-पास स्थित वृहद् मानव समुदाय को उच्च शिक्षा प्रदान कर व उनकी आन्तरिक क्षमताओं के विकास तथा सदुपयोग द्वारा देश के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को प्राप्त हुई गति से ही प्रतिबिम्बित होता है। संस्थान विविध शैक्षिक कार्यक्रम संचालित करता है, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके, वे विशेषज्ञ बन सकें। यह संस्थान सम्पूर्ण उच्च शिक्षा प्रणाली के विकास, विशेष रूप से विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास तथा सामान्य रूप से देश के नव निर्माण का वृहद् लक्ष्य लेकर चल रहा है।

संस्थान के मिशन की पूर्ति के लिए अधोलिखित लक्ष्य निर्धारित किये गये है-

- संस्थान के अन्तः अनुशासनात्मक अध्ययन सहित श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने वाले, सर्जनात्मक शिक्षण संस्थान के रूप में परिणत करना।
- अन्तः अनुशासनात्मक अध्ययन के लिए अपेक्षित विभाग स्थापित करना।
- विविध शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत करना एवं उनका कार्यान्वयन करना।
- कुशल जनशक्ति का विकास करना।
- व्यवसायपरक शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
- साधन के स्रोत उत्पन्न कर उनके माध्यम से पर्याप्त संरचनात्मक ढाँचा निर्मित करना।
- जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण लोगों के बीच 'सूचना प्रौद्योगिकी सेतु' का निर्माण कर अन्तराल को दूर करना।

भावी योजनाएं

संस्था के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' के प्रस्ताव दिनांक 31 जनवरी 2007 के द्वारा संस्थान को स्वायत्त संस्थान बनाये जाने का निर्णय लिया जा चुका है। तत्सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्पर्क कर सम्पन्न की जा रही है। अल्पावधि में ही संस्थान को राष्ट्र शीर्षस्थ एवं महान व्यक्तियों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। जिनमें भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम फखरूद्दीन अली अहमद, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल एवं कुलाधिपति महामहिम डा. एम. चेन्नारेड्डी, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय नारायण दत्त तिवारी, भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रो. नूरूल हसन, उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री अम्मार रिज़वी आदि के साथ-साथ भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीया श्रीमती इंदिरा गाँधी आदि से जुड़ी हुई मार्मिक स्मृतियाँ अविस्मरणीय है।

संस्थान में अध्ययन हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम

कला संकाय

बी.ए.

1. हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. संस्कृत
4. मध्यकालीन
5. भूगोल
6. राजनीति शास्त्र
7. अर्थशास्त्र
8. समाजशास्त्र
9. शिक्षाशास्त्र (स्ववित्तपोषित)
10. उर्दू (स्ववित्तपोषित)
11. मनोविज्ञान (स्ववित्तपोषित)

एम. ए.

1. हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. अर्थशास्त्र
4. भूगोल (स्ववित्तपोषित)
5. राजनीति शास्त्र (स्ववित्तपोषित)
6. मध्यकालीन इतिहास (स्ववित्तपोषित)

विज्ञान संकाय

बी.एस-सी.

1. भौतिक विज्ञान
2. रसायन विज्ञान
3. गणित
4. वनस्पति विज्ञान
5. प्राणि विज्ञान
6. इलेक्ट्रानिक्स (स्ववित्तपोषित)
7. पर्यावरण विज्ञान (स्ववित्तपोषित)
8. माइक्रोबायोलोजी (स्ववित्तपोषित)

एम.एस-सी.

1. रसायन विज्ञान
2. प्राणि विज्ञान
3. भौतिक विज्ञान (स्ववित्तपोषित)
4. गणित (स्ववित्तपोषित)
5. वनस्पति विज्ञान (स्ववित्तपोषित)
6. पर्यावरण विज्ञान (स्ववित्तपोषित)
7. माइक्रोबायलोजी (स्ववित्तपोषित)

गृह विज्ञान संकाय **बी.एस-सी.** 1. गृह विज्ञान (स्ववित्तपोषित)

एम.एस.-सी 1. चाइल्ड डेवलपमेन्ट (स्ववित्तपोषित) 2. फूड एण्ड न्यूट्रिशन (स्ववित्तपोषित)

कृषि संकाय **बी.एस.सी.** कृषि (स्ववित्तपोषित)

वाणिज्य संकाय **बी.कॉम., एम.कॉम**

विधि संकाय **एल.एल.-बी. त्रिवर्षीय,**

कमला नेहरू विधि संस्थान द्वारा संचालित- **एल.एल-बी. पंचवर्षीय (स्ववित्तपोषित)**

संस्थान में अध्ययन हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम

शिक्षा संकाय	**बी.एड., एम.एड.**
शारीरिक शिक्षा संकाय	**बी.पी.एड.** (स्ववित्तपोषित)
प्रबन्ध संकाय	**बी.बी.ए.** प्रबन्धन स्नातक (स्ववित्तपोषित) **एम.बी.ए.** प्रबन्धन स्नातकोत्तर (स्ववित्तपोषित)
प्रौद्योगिक एवं तकनीकी संकाय	**बी.टेक** इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग इन्फॉरमेशन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स **एम.सी.ए.**

नोट : एमबीए एवं बी.टेक में प्रवेश परीक्षा गौतम बुद्ध प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) द्वारा आयोजित होती है। प्रबन्धकीय कोटे में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं संस्थान कार्यालय से सम्पर्क करें।

यू.जी.सी. द्वारा पोषित कैरियर ओरियेन्टेड डिप्लोमा पाठ्यक्रम

1. फैशन डिजाइनिंग
2. कम्प्यूटर ग्राफिक्स एण्ड ऐनीमेशन
3. सेल्स एण्ड मार्केटिंग मैनेजमेन्ट
4. रिस्क एण्ड इंश्योरेन्स मैनेजमेन्ट
5. टूरिज्म
6. सेरीकल्चर
7. इण्डस्ट्रियल कमेस्ट्री

पी-एच.डी.

कला, विज्ञान, शिक्षा, विधि एवं वाणिज्य संकाय के सभी स्नातकोत्तर विषयों में शोध हेतु सुविधा उपलब्ध है।

प्रवेश हेतु निर्देश

1. शिक्षा संकाय एवं शारीरिक शिक्षा में प्रवेश डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है।
2. एमबीए एवं बी.टेक में प्रवेश गौतम बुद्ध प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है।
3. कमला नेहरू विधि संस्थान के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश इण्टरमीडिएट में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर संस्थान द्वारा किया जाता है।
4. सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सीट संख्या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित है।

प्रवेश हेतु अनिवार्य अर्हता

1. स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विषय में स्नातक स्तर पर त्रिवर्षीय पाठयक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम में बी.काम. उत्तीर्ण छात्र का प्रवेश अनुमन्य है।
3. स्नातकोत्तर सूक्ष्म जीव विज्ञान (माइक्रोबाइलोजी) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को बी.एस-सी (जीव विज्ञान) की किसी भी शाखा से जिसमें जैव प्रौद्योगिकी/रसायन विज्ञान/जीव रसायन विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान कम से कम 2 वर्ष अध्ययन किया हो, अर्ह होगें।
3. स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु वे ही छात्र/छात्रा अनुमन्य है जो इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा 2010 अथवा उसके बाद उत्तीर्ण हों।

अनिवार्य शैक्षिक अर्हता निम्नवत् है -

बी.ए.	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण
बी.कॉम.	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण
बी.एस-सी. (बायो)	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा जीव विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण
बी.एस-सी (गणित)	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा गणित वर्ग से उत्तीर्ण
बी.एस-सी (गृह विज्ञान)	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण (केवल छात्राएं)
बी.एस-सी (कृषि)	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण
बी.बी.ए.	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण
विधि त्रिवर्षीय	:	स्नातक परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण। सामान्य वर्ग 45% न्यूनतम अंक व पिछड़ी जाति, अनु.जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को 40% न्यूनतम अंक, आयु सामान्य वर्ग 30 वर्ष अधिकतम एवं अन्य को 5 वर्ष की छूट।
विधि पंचवर्षीय	:	इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा किसी भी वर्ग में उत्तीर्ण सभी वर्ग हेतु 45% न्यूनतम अंक व सामान्य वर्ग हेतु आयु 20 वर्ष, पिछड़ी जाति एवं अनु.जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों की आयु में 2 वर्ष की छूट।

विषय चयन

1. स्नातक स्तर पर सभी वर्गों के लिए 'पर्यावरण अध्ययन' एक अनिवार्य विषय के रूप में निर्धारित है। इसका प्राप्तांक श्रेणी निर्धारण में नहीं जोड़ा जाता परन्तु न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करना अनिवार्य है।
2. वाणिज्य संकाय, कृषि संकाय एवं गृह विज्ञान संकाय में सभी प्रश्नपत्र अनिवार्य है विशेष अध्ययन का चयन पृथक से द्वितीय या तृतीय वर्ष में किया जाता है।
3. विज्ञान संकाय के लिए निम्नलिखित विषय समूह अनुमन्य है -
   - गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान
   - गणित, भौतिक विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स
   - वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान
   - वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, माइक्रोबायोलोजी
   - वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, माइक्रोबायोलोजी
   - वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान
   - वनस्पति/प्राणि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, रसायन विज्ञान
   - प्राणि विज्ञान, माइक्रोबायोलोजी, रसायन विज्ञान
4. कला संकाय के समस्त विषयों को विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित तीन समूहों में सूचीबद्ध किया है। अभ्यर्थी को निम्नलिखित समूहों में से किसी एक समूह से अधिकतम दो विषयों का ही चयन कर कुल तीन विषयों का चयन करना है -

   (अ) भूगोल, मनोविज्ञान

   (ब) हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी

   (स) शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र मध्यकालीन इतिहास
5. वे अभ्यर्थी भूगोल विषय ले सकते हैं जिन्होंने इण्टमीडिएट स्तर पर भूगोल पढ़ा हो।
6. स्नातक स्तर पर तीन विषयों का अध्ययन करते हुए कोई भी छात्र कैरियर ओरियेन्टेड डिप्लोमा पाठ्यक्रम के किसी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है।

प्रवेश प्रक्रिया

1. संस्थान में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा की मेरिट एवं अर्ह परीक्षा के अंक के आधार पर होगा। प्रवेश के लिए चयनित एवं नामित छात्र/छात्राओं की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित होगी। प्रवेशार्थी कार्यालय से सम्पर्क बनाये रखें।
2. विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।
3. विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र संस्थान कार्यालय में निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा हो जाना चाहिए। आवेदन पत्र जमा करते समय रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।
3. प्रवेश परीक्षा में सफल होने के पश्चात सम्बन्धित प्रवेश समिति से सम्पर्क कर साक्षात्कारोपरान्त अपनी प्रवेश स्लिप प्राप्त करें।
4. प्रवेश परीक्षा के आधार चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश निर्दिष्ट तिथि पर निम्नलिखित प्रपत्र प्रस्तुत करने पर ही सम्भव होगा -

   (क) उस संस्था का मूल चरित्र प्रमाण-पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र जहाँ से अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

   (ख) सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक पत्रों की छायाप्रति एवं सत्यापन हेतु मूल प्रति।

   (ग) छः महीने के अन्दर ली गई अभ्यर्थी की पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो की तीन प्रतियाँ।

   (घ) सक्षम एवं अधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति-प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र, जो छः माह के अन्दर का हो।

   (ङ) भारांक के आधार पर हुए प्रवेश के लिए भारांक का प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं सत्यापन हेतु मूल प्रमाण-पत्र।
5. चयनित अभ्यर्थी निर्धारित समय के अन्दर शुल्क जमा कर दें। निर्धारित तिथि के अन्दर शुल्क न जमा करने पर मेरिट में क्रमशः अगले प्रवेशार्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा और आपका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।
6. प्रवेश के पश्चात अनु.जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति का फार्म पूरित कर जमा कर दें।
7. प्रत्येक विभाग/संकाय/विषय के लिए प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि की घोषणा यथासमय की जायेगी। अन्तिम तिथि के बाद किसी भी दशा में प्रवेश सम्भव नहीं होगा।
8. प्राचार्य बिना कारण बताये किसी भी छात्र/छात्रा का प्रवेश किसी भी समय निरस्त कर सकते हैं, यह प्राचार्य का विवेकाधीन अधिकार है।
9. अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रा अथवा अनुचित साधन प्रयोग करते हुए पकड़े गये छात्र/छात्रा का प्रवेश किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।
10. कक्षाओं में सीटों का आरक्षण उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार होगा।
11. परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश उन्हीं विषयों में दिया जायेगा, जिनका अध्ययन स्नातक तृतीय वर्ष में किया गया हो अथवा वाँछित विषय में ब्रिज कोर्स किया हो, परन्तु बी.काम. उत्तीर्ण छात्र का प्रवेश एम.ए. अर्थशास्त्र में अनुमन्य है।
12. एम.ए./एम.एस-सी. में एक से अधिक विषय में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अलग-अलग आवेदन करें एवं अलग-अलग प्रवेश परीक्षा में बैठें।
13. बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड. के अतिरिक्त शेष सभी कक्षाओं में विशेष परिस्थिति में प्रवेश की अन्तिम तिथि प्राचार्य द्वारा घोषित की जायेगी। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के परीक्षाफल घोषित होने के 15 दिन के अन्दर पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश लेना अनिवार्य है अन्यथा समझा जायेगा कि आप प्रवेश लेने के लिए इच्छुक नहीं है।

उपस्थिति एवं अनुशासन

1. संस्थान में चीफ प्राक्टर (मुख्य अनुशास्ता) के नेतृत्व में वरिष्ठ प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं का एक प्रॉक्टोरियल बोर्ड गठित है, जो संस्थान के सामान्य अनुशासक एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी का निर्वाह करता है।
2. प्रत्येक छात्र/छात्रा से यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय के नियमों-परिनियमों और संस्थान के आदेशों-निर्देशों का सम्यक् परिपालन करेगा।
3. छात्र/छात्रा अनुशास्ता मण्डल द्वारा समय-समय पर किये जाने वाले आकस्मिक एवं सामान्य निरीक्षण के समय सहयोग करें।
4. अनुशासन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने संकाय के प्रभारी अथवा चीफ प्रॉक्टर से यथाशीघ्र सम्पर्क करें।
5. प्रत्येक छात्र/छात्रा की विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. संस्थान में लगातार 15 दिन या अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहने पर प्राचार्य छात्र/छात्रा का प्रवेश निरस्त कर सकते हैं।
7. यदि कोई अभ्यर्थी गलत/भ्रामक अंक पत्र के आधार पर प्रवेश पा लेता है तो सही जानकारी के उपरान्त विधिक कार्यवाही के साथ उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
8. प्रत्येक छात्र/छात्रा से कक्षा के अन्दर और संस्थान परिसर में अनुशासन बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है। यदि कोई भी छात्र/छात्रा इसके प्रतिकूल आचरण करते पाया गया तो दण्डनीय होगा।
9. छात्र/छात्रा को जमानती धनराशि पाठ्यक्रम समाप्त होने पर या संस्थान छोड़ने पर वापस होगी। संस्थान छोड़ने के एक वर्ष के बाद जमानती धनराशि के सम्बन्ध में दावा समाप्त हो जाता है। जमानती धनराशि की वापसी के लिए संस्थान की प्रथम शुल्क रसीद के साथ परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. संस्थान में प्रवेश लेते ही अपना परिचय पत्र प्रॉक्टर कार्यालय से सम्पर्क कर तुरन्त बनवा लें और संस्थान परिसर में सदैव अपने साथ रखें। अपना परिचय पत्र किसी भी अन्य छात्र/छात्रा को न दें।
11. संस्थान में अध्ययनरत नियमित छात्राओं को निर्धारित गणवेश (यूनीफॉर्म) पहनना अनिवार्य है। निर्धारित गणवेश निम्न प्रकार है-

कुर्ता	-	स्काई ब्लू चेकदार	साड़ी	-	स्काई ब्लू प्लेन
सलवार एवं दुपट्टा	-	सफेद रंग	ब्लाउज	-	स्काई ब्लू प्लेन

12. संस्थान के बी.एड. छात्रों के लिए निर्धारित गणवेश सफेद शर्ट एवं सफेद पैन्ट है।
13. विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु गणवेश सफेद शर्ट, काली लाइनदार पैण्ट एवं छात्राओं हेतु सफेद सलवार, काला कुर्ता, सफेद दुपट्टा निर्धारित है।
14. छात्र/छात्राएं अपना वाहन स्टैण्ड पर ही रखें। संस्थान में इधर-उधर रखे वाहन को पुलिस के हवाले कर दिया जायेगा तथा सम्बन्धित छात्र/छात्रा को भी दण्डित किया जायेगा।
15. रैगिंग कानूनन एक दण्डनीय अपराध है। रैगिंग में संलिप्त पाये जाने पर छात्र/छात्रा के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर पुलिस के हवाले कर दिया जायेगा। छात्र/छात्राओं को इससे दूर रहने की सलाह दी जाती है। अनुशास्ता मण्डल के अन्तर्गत एण्टी रैगिंग समिति का गठन किया गया है जो समय-समय पर परिसर और कक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण करते हैं। अस्तु रैगिंग विरोधी अभियान एवं अनुशासन में सहयोग करें और रैगिंग की गतिविधियों से दूर रहें।

"संस्थान आपका है, इसकी मर्यादा और प्रतिष्ठा के आप भागीदार है"

संस्थान में उपलब्ध

1. कम्प्यूटर केन्द्र

संस्थान में एक अत्याधुनिक वातानुकूलित कम्प्यूटर प्रयोगशाला है जो कि इन्टरनेट युक्त है, जहाँ सभी संस्थागत छात्र/छात्राएं सुयोग्य शिक्षकों के निर्देशन में अद्यतन (अप-टू-डेट) पाठ्यक्रम पढ़ और सीख सकते हैं। कम्प्यूटर के अभाव में कोई भी शिक्षा अधूरी है।

2. केन्द्रीय पुस्तकालय

संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 1,00,000 पुस्तकें है। प्रवेश के उपरान्त प्रत्येक छात्र/छात्राएं अपना परिचय पत्र तथा प्रथम शुल्क रसीद प्रस्तुत कर पुस्तकालय कार्ड बनवा सकते हैं। प्रत्येक छात्र/छात्राएं 15 दिन के लिए दो पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। 15 दिन के बाद 1 रू. की दर से अर्थदण्ड देय होगा।

3. डेलनेट 2007 (15 जून, 2007 से) की सुविधाएं

संस्थान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्याययन परिषद द्वारा 23 से 25 मार्च 2007 को मूल्यांकित किया गया। मूल्यांकन में संस्थान ने 73.84 अंक प्राप्त कर **'बी' श्रेणी** अर्जित किया है जिसके फलस्वरूप नैक की संस्तुति के आधार पर संस्थान को डेलेन्ट (डेवलेपिंग) लाइब्रेरी नेटवर्क) प्रदान किया गया है। डेलनेट द्वारा 70 लाख पुस्तकें, शोध पत्रिकाएं एवं शोध पत्रिकाओं के लेख उपलब्ध कराये गये हैं। संस्थान का पुस्तकालय भारत और दूसरे छः विदेशी देशों के पुस्तकालयों से डेलनेट के द्वारा इण्टरनेट से जुड़ा है। यह सुविधा उन शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को उपलब्ध है, जो केन्द्रीय पुस्तकालय की सदस्यता प्राप्त किये हैं। शोध छात्र/छात्रा सदस्यता प्राप्त कर उक्त सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षकों एवं शोध छात्र/छात्राओं द्वारा विदेशी शोध पत्रिकाओं (जर्नल्स) में छपे हुए लेखों की छायाप्रति पुस्तकालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के पश्चात प्राप्त किया जा सकता है।

4. बुक बैंक

संस्थान में जरूरतमन्द एवं निर्धन छात्र/छात्राओं के लिए बुक बैंक है। जिसमें लगभग 27,000 पुस्तकें हैं। छात्र/छात्रा निर्धारित सदस्यता शुल्क जमा करके बुक बैंक से पुस्तकीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

5. विभागीय पुस्तकालय

संस्थान के समस्त परास्नातक विभागों में विभागीय पुस्तकालय है। परास्नातक छात्र/छात्राएं इस सुविधा से अपने पाठ्यक्रम की प्रायः सभी पुस्तकें प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं।

6. अध्ययन कक्ष

पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष में छात्र/छात्राएं खाली समय में समाचार पत्र-पत्रिकाएं, सन्दर्भ ग्रन्थ आदि पढ़ सकते हैं, परन्तु अध्ययन कक्ष छोड़ने के पूर्व अध्ययन सामग्री यथोचित रूप में वापस करना अनिवार्य है।

7. आर्थिक सहायता

संस्थान द्वारा निर्धन तथा प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सहायता राशि, छात्रवृत्ति, शुल्कमुक्ति एवं ऋण आदि की सुविधा प्रदान की जाती है।

8. रेलवे रियायत

संस्थान के छात्र/छात्रा लम्बी छुट्टियों में अथवा ग्रीष्मावकाश में अपने मूल स्थान पर जाने के लिए अथवा रेलवे द्वारा विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए रेलवे रियायत पत्र द्वारा इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए छात्र/छात्रा को यात्रा आरम्भ करने से तीन दिन पहले रेलवे रियायत के लिए संथान के छात्र कल्याण अधिकारी के द्वारा संस्तुत प्रार्थना पत्र देना होगा।

9. साइकिल/मोटर साइकिल स्टैण्ड

संस्थान में साइकिल/मोटर साइकिल स्टैण्ड की व्यवस्था है। जहाँ पर छात्र/छात्रा प्रवेश के समय शुल्क जमा करके अपनी साइकिल/मोटर साइकिल रखने की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

10. क्रीड़ा परिषद

संस्थान शिक्षा के साथ-साथ छात्र/छात्राओं की क्रीड़ा जगत में प्रतिभागिता एवं उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के पास क्रीड़ा सम्बन्धी समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं संसाधान हैं, जिनमें से एक विश्वविद्यालय स्तर का ज़िमनेजियम भी है। संस्थान में खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियों का संचालन क्रीड़ा परिषद के माध्यम से छात्र/छात्राओं को सर्वांगीण विकास करने हेतु संस्थान में खेलकूद के आयोजन होते हैं। छात्र/छात्राओं को अर्न्तमहाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट के साथ-साथ अन्य आवश्यक क्रीड़ा सामग्री भी उपलब्ध करायी जाती है। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को संस्थान द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। संस्थान के छात्र/छात्रा प्रतिवर्ष बैडमिन्टन, हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, वॉलीबाल, शूटिंग, टेबुल-टेनिस एवं क्रिकेट में उत्तरक्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हैं।

11. क्रीड़ा गतिविधियाँ

संस्थान की क्रीड़ा गतिविधियों का संचालन संस्थान खेल-कूद समिति के माध्यम से होता है। संसथान अच्छी टीमों अथवा खिलाड़ियों को महाविद्यालय स्तर से विश्वविद्यालय स्तर तक प्रतिभाग हेतु निरन्तर प्रेरित करता है जिन टीमों से भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होती है उनके लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी संस्थान द्वारा किया जाता रहा है। सत्र 2012-13 में संस्थान के 80 छात्रों ने महाविद्यालय स्तर पर एवं 21 छात्रों ने उत्तर क्षेत्र/अखिल भारतीय विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अथवा अवध विश्वविद्यालय अर्न्तमहाविद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की ठीक स्पर्धाओं में संस्थान की क्रिकट (पुरूष), फुटबाल (पुरूष) एवं शतरंज (म0/पु0) टीमें विजेता रहीं एवं हेण्डबाल टीम उपविजेता रही।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं (एथेलटिक्स एवं शूटिंग) में ीाी संस्थान के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवन्नित किया है। अर्न्तमहाविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में संस्थान के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत एवं एक कास्य पदक जीता वहीं शूटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के रामफल इवेन्टस में कास्य पदक जीत।

12. शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप

शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों का उद्देश्य छात्र/छात्राओं की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अभिरूचि का विकास करना है। वाद-विवाद, विचार गोष्ठी, परिसंबाद, नाटक, कविता लघु कहानी, प्रतिभा परीक्षण, प्रश्नोत्तरी, पुष्प विन्यास आदि प्रतियोगिताएं एवं अन्य क्रियाकलाप इसी उद्देश्य की पूर्ति के साधान हैं। संस्थान के छात्र/छात्राओं ने अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है।

13. स्मृति व्याख्यानमाला

संस्थान द्वारा अपने संस्थापक बाबू केदार नाथ सिंह जी की स्मृति में वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष अतिथि व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही समय-समय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाता है। संस्थान के छात्र/छात्राएं इससे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक रूप से ऊर्जावान होते रहते हैं।

14. गाइडेन्स एण्ड प्लेसमेन्ट ब्यूरो

The Guidance & Placement Bureau, KNIPSS, Sultanpur is organizing one day students seminar to develop abilities & skills of the students of KNIPSS, Sultanpur for the last 10 years under the able guidance of Dr. Prem Mohan, Convener, Guidance & Placement Cell, KNIPSS, Sultanpur . During the session 2011-12 several one day seminars have been organized by the cell. The resource persons from Delhi, Lucknow have been invited to deliver lecture in the area of communication skills & personality development. The UGC has recognized the activities of cell and issue a grant of Rs. 1.00 lac to develop the cell.

15. अध्ययन की आदत में सुधार

ब्यूरो द्वारा विशेषज्ञों की ऐसी सेवाएं छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायी जाती है कि वे अध्ययन करने की त्रुटिपूर्ण आदतों से छुटकारा पाकर दक्षता व कौशल देने वाली आदतें विकसित करें व अर्जित ज्ञान व शिक्षा को जीवनोपयोगी एवं स्थायी बन सकें। अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं को निःशुल्क रेमेडियल कोचिंग संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाता है एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नेट की कोचिंग की भी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

16. असाधारण/असामान्य विद्यार्थी सहायता

विशिष्ट समस्याओं वाले छात्र/छात्राओं को गाइडेन्स ब्यूरो उनकी आवश्यकता के अनुसार विषेश गाइडेन्स पैकेज प्रदान करता है। ऐसे छात्र/छात्रा कई प्रकार के हो सकते हैं जैसे अतिप्रतिभावान, मन्द बुद्धि, संवेग पीड़ित, विकलांग, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप में भिन्न अथवा वंचित जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक छात्र/छात्रा।

17. विषय चयन

छात्र/छात्राओं को भावी जीवन की योजनाओं व अपनी योग्यताओं की संगीत में उपयुक्त विषयों के चयन में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने हेतु विशेषज्ञों द्वारा सहायता की जाती है।

18. निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था

संस्थान में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को रोजगार हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की गयी है। परास्नातक स्तर पर उपरोक्त जाति/वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित नेट कोचिंग की निःशुल्क सुविधा की भी व्यवस्था है।

19. डिप्लोमा पाठ्यक्रम

संस्थान में नियोजन उपादेयता तथा सामाजिक महत्ता को दृष्टि में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वार प्रदत्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। जिसके लिए सुयोग्य अध्यापकों की नियुक्ति की गयी है और संसाधनों से परिपूर्ण प्रयोगशाला भी है। संस्थान छात्र/छात्राएं इन महत्वपूर्ण ऐच्छिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में से कोई एक पाठ्यक्रम स्नातक स्तर का पढ़ सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अलग से अभियोग्यता प्रवेश परीक्षा देनी होगी।

20. शोध सुविधा

संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कई शोध कार्य के प्रस्ताव स्वीकृत है और जिन पर कार्य हो रहा है। आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा प्रायोजित शोध कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त डी.एस.टी. तथा आई.सी.एस.एस.आर. के समक्ष अनेक प्रस्तावों का अनुमोदन प्रतीक्षित है। कला, वाणिज्य, विज्ञान, शिक्षा एवं विधि संकायों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। संस्थान के विभिन्न संकायों में अनेक सदस्यों के निर्देशन में अनेक शोधार्थी पी.एच.डी. की उपाधि अर्जित कर चुके हैं व अनेक प्रक्रिया में हैं। इसके अतिरिक्त यू.जी.सी. के मेजर एवं माइनर प्रोजेक्ट पर भी कार्य हो रहा है।

21. विशेष अध्ययन

